## खबर संक्षेप

### एसपी ने किए 5 अधिकारियों के तबादले

**मैहर।** पुलिस अधीक्षक मैहर ने कार्य सुविधा और कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के उद्देश्य से जिले के 5 पुलिस अधिकारियों की नवीन पदस्थापना की है।

**जारी सूची के अनुसार तबादले:** निरीक्षक रेनू मिश्र को थाना प्रभारी देहात से हटाकर पुलिस लाइन भेजा गया। कार्य.निरीक्षक पंचराज सिंह पुलिस लाइन से अब थाना प्रभारी देहात की कमान संभालेंगे। कार्य.उपनिरीक्षक भैयालाल कोल थाना रामनगर से थाना अमरपाटन स्थानांतरित। कार्य.सउनि शशिकांत प्यासी: थाना अमदरा से यातायात मैहर भेजा गया। कार्य.सउनि अवधराज सिंह पुलिस लाइन से थाना अमदरा में पदस्थ किए गए हैं।

### शिक्षकों पर टीईटी थोपना अन्यायपूर्ण, आदेश निरस्त हो: डॉ.रश्मि सिंह



**मैहर।** डॉ.रश्मि सिंह ने मध्यप्रदेश में शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्य करने के आदेश का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने इसे वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों के अनुभव का अपमान और अन्यायपूर्ण बताया। डॉ.रश्मि सिंह ने मांग की कि सरकार इस भय पैदा करने वाले आदेश को तत्काल निरस्त कर शिक्षकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे।

### किसानों की समस्याओं पर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**मैहर।** गेहूं उपार्जन की लचर व्यवस्था और किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी मैहर ने मोर्चा खोल दिया। जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र घई (रोमी) के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) को ज्ञापन सौंपकर व्यवस्था में सुधार की मांग की। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि गेहूं खरीदी की तारीखें बार-बार (23 मार्च से 15 अप्रैल तक) बदली जा रही हैं,जिससे किसान असमंजस में हैं। सरकारी खरीद में देरी के कारण किसान अपनी उपज 2000-2200 रुपये के कम दामों पर बिचौलियों को बेचने को मजबूर हैं। ऋण वसूली की अंतिम तिथि 31 मार्च होने के कारण लगभग 50% किसान डिफॉल्टर हो गए हैं। कांग्रेस ने कहा कि पड़ोसी राज्य राजस्थान में मार्च से खरीदी जारी है,जबकि मध्य प्रदेश में कुप्रबंधन हावी है। इस दौरान किसान कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।

### वार्ड 20 में घटिया नाली निर्माण पर प्रशासन ने साधी चुप्पी

**मैहर।** नगर पालिका परिषद मैहर के वार्ड नंबर 20 में विकास कार्यों के नाम पर भ्रष्टाचार का खेल जारी है। स्थानीय रहवासियों का आरोप है कि यहाँ हो रहे नाली निर्माण में ठेकेदार द्वारा खुलेआम मनमानी की जा रही है। निर्माण कार्य में सीमेंट के स्थान पर डस्ट (धूल) का उपयोग कर घटिया स्तर का ढांचा खड़ा किया जा रहा है,जिससे नाली की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी आँखें मूँदे बैठे हैं। न तो मौके पर कोई जांच की गई और न ही काम रुकवाया गया। जनता का आरोप है कि सरकारी पैसे का बंदरबांट करने के लिए अधिकारियों और ठेकेदार के बीच मिलीभगत है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण की गुणवत्ता की तत्काल जांच कराकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

### स्मृति शेष डॉ.सुमेर सिंह शैलेश की जयंती साहित्यकार दिवस के रूप में मनाई जाएगी

**सतना।** नगर का साहित्य एवं कलावती मंच गीतम साहित्यिक संस्थाओं एवं साहित्यकारों से संयुक्त होकर अभिनव विद्यापति गीतर्षि सम्मानों से समलंकृत कीर्ति शेष प्रो.डॉ.सुमेर सिंह शैलेश की आज जयंती पर साहित्यकार दिवस के रुप में मनाने के लिये क्रियाशील है। यह कार्यक्रम सचिन पैलेस के सभागार में अपराह्न 03 बजे से दो सत्रों में संपन्न होगा। प्रथम सत्र में दीप प्रज्वलन,विचार उदबोधन, अभिनन्दन, समर्थन एवं अप्रतिम गीतकार साहित्यकार विध्य में गौरव डॉ.शैलेश पर केन्द्रित साहित्यिक वैचारिक विमर्थ किया जाएगा। द्वितीय सत्र में वरेण्य साहित्यकारों रचनाकारों का सम्मान सारस्वत अभिनन्दन व अखिल भारतीय काव्यानिशा का कार्यक्रम किया जायेगा जिसमें कई ख्यातिलब्ध कविगण अपनी कविताओं से उपस्थित श्रोताओं व काव्यप्रेमियों को आनन्द विभोर करेंगे।

# जन आक्रोश के आगे झुका प्रशासन सरकारी जमीन पर बनी शराब दुकान सील





**सतना।**

नगर निगम क्षेत्र के नई बस्ती इलाके में अवैध रूप से संचालित शराब दुकान के खिलाफ स्थानीय निवासियों का धैर्य आखिरकार जवाब दे गया। लंबे समय से चल रहे विरोध और भारी जन प्रदर्शन के बाद प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विवादित शराब दुकान को सील कर दिया है।

### विरोध का बढ़ा दबाव एक्शन में आया अमला

नई बस्ती में शराब दुकान खुलने के विरोध में स्थानीय लोगों ने पूर्व पार्षद अजय सिंह मिंटू के नेतृत्व में मोर्चा खोला था। यह दूसरा मौका था जब क्षेत्रवासी सड़कों पर उतरे। प्रदर्शन की उग्रता और जनता के बढ़ते गुस्से को देखते हुए एसडीएम राहुल सिलाड़िया,कोलगवां थाना पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम तुरंत मौके पर पहुंची।

### जांच में हुआ अवैध कब्जे का खुलासा

प्रशासनिक जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। अधिकारियों ने पुष्टि की कि शराब दुकान खसरा नंबर 14 के अंश भाग की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करके बनाई गई थी। कब्जाधारी ने न केवल जमीन हथियाई,बल्कि सार्वजनिक उपयोग के सरकारी हैंडपंप पर भी कब्जा कर लिया था। हैंडपंप में अवैध रूप से सबमर्सिबल पंप डालकर उसे निजी उपयोग में लिया जा रहा था,जिससे मोहल्ले के लोगों के सामने पानी का संकट खड़ा हो गया था।

### क्षेत्र में संतोष लेकिन आगे की मांग जारी

प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई के बाद नई बस्ती के लोगों में खुशी और संतोष का माहौल है। हालांकि, स्थानीय निवासियों का कहना है कि प्रशासन को केवल दुकान सील करने तक नहीं रुकना चाहिए,बल्कि सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुँचाने वाले भू-माफियाओं के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई भी करनी चाहिए। फिलहाल,सीलिंग की कार्रवाई ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि जनहित के आगे अवैध निर्माण और रसूख की दाल नहीं गलेगी।

### इनका कहना है -

प्रारंभिक जांच में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे के प्रमाण मिले हैं। फिलहाल दुकान को सील कर दिया गया है। मामले को न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा,जहाँ नियमानुसार अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

**राहुल सिलाडिया, एसडीएम।**

## एचपीवी वैक्सीनेशन में लापरवाही पर कलेक्टर सख्त,कई अधिकारियों को नोटिस

**सतना।** मध्यप्रदेश शासन एवं भारतसरकार की महत्वाकांक्षी एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। कलेक्टर सतना डॉ.सतीश कुमार एस के निर्देश पर जिले में लगातार समीक्षा के बाद कार्यवाही की जा रही है। एचपीवी वैक्सीनेशन के जिला स्तरीय प्रभारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सतना शैलेन्द्र सिंह द्वारा तीन दिवस पूर्व ही स्वास्थ्य विभाग के 50 से अधिक कर्मचारियों को नोटिस जारी किया गया था।इसके बावजूद 8 अप्रैल 2026 को ब्लॉक स्तर पर आयोजित टीकाकरण शिविरों में लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि नहीं हो सकी। इस दौरान विशेष रूप से सोहावल (कोठी),रामपुर बघेलान एवं रामनगर ब्लॉकों में प्रदर्शन बेहद कमजोर पाया गया,जहां कई शिविरों में 100 से भी कम वैक्सीनेशन हुआ। इस पर नाराजगी जताते हुए संबंधित बीएमओ को चेतावनी पत्र जारी किया गया है। इसके साथ ही इन तीनों ब्लॉकों के बीईओ,बीआरसीसी, सीडीपीओ तथा स्वास्थ्य विभाग के बीसीएम और बीपीएम अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। इनमें बीएमओ सोहावल डॉ.अल्हा महोले,रामपुर बघेलान डॉ.रघवेश सिंह,रामनगर डॉ.आलोक अवधिया,बीईओ सोहावल आयुषि अग्रवाल,रामपुर बघेलान अरूण प्रताप सिंह,रामनगर राजेश द्विवेदी,बीपीएम सोहावल रविन्द्र साकेत,रामपुर बघेलान विनीत सिंह,रामनगर नागेन्द्र बंसल,रामपुर बघेलान रंजना पटेल,रामनगर अवनीश सिंह,बीआरसीसी सोहावल दिवाकर तिवारी,रामपुर बघेलान संतोष कुमार पटेल,रामनगर चन्द्रप्रताप शुक्ला,सीडीपीओ सोहावल पुनीत शर्मा,रामपुर बघेलान श्रीमती श्वेता जुनेजा,रामनगर नागेन्द्र तिवारी के नाम शामिल है।

## मझगवां के जंगलों में तांडव, धू-धू कर जला बरहा वीट का प्लांटेशन

**सतना।**

**चित्रकूट जनपद के मझगवां वन परिक्षेत्र से एक बड़ी और चिंताजनक खबर सामने आई है। यहाँ के बरहा वीट के जंगलों में भीषण आग लग गई है,जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया है। आग इतनी भीषण है कि इसकी चपेट में वन विभाग का मुख्य प्लांटेशन भी आ गया है। बेश कीमती पेड़-पौधे जलकर खाक हो रहे हैं।**





### आसमान में धुएं का गुबार

जंगल से उठती आग की लपटें और धुएं का काला गुबार कई किलोमीटर दूर से देखा जा सकता है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम दलबल के साथ मौके पर पहुँच गई है और आग पर काबू पाने की जद्दोजहद जारी है।

### वन संपदा को भारी नुकसान

स्थानीय सूत्रों के अनुसार,गर्मी के मौसम और सूखी पत्तियों के कारण आग तेजी से फैल रही है। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है,लेकिन इस अग्निकांड से जंगली जीव-जंतुओं और वन संपदा को भारी नुकसान पहुँचने की आशंका जताई जा रही है। वन विभाग की टीम मौके पर मौजूद है और आग को नियंत्रित करने के प्रयास युद्ध स्तर पर जारी हैं। प्राथमिकता आग को रिहाइशी इलाकों और घने प्लांटेशन की ओर बढ़ने से रोकने की है।

## कांग्रेस की हुंकार, किसानों और युवाओं के हक में 'एक दिवसीय धरना'




**सतना।**

गुरुवार को सतना जिला मुख्यालय पर कांग्रेस ने प्रदेश सरकार की नीतियों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए विशाल एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि जनविरोधी नीतियां नहीं बदली गईं, तो आंदोलन और उग्र होगा।

### किसान और युवा विरोधी है शासन

प्रदर्शनकारियों का स्पष्ट आरोप था कि वर्तमान सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सरकारी तंत्र में भ्रष्टाचार अपनी सीमाएं लांघ चुका है। रोजगार के अवसर पैदा करने में सरकार पूरी तरह नाकाम रही है। समय पर उपज की खरीदी न होने से अन्नदाता सड़कों पर आने को मजबूर है।

### विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा के तीखे बाण

कांग्रेस के जिला अध्यक्ष और विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा ने सरकार को घेरते हुए कहा कि किसान दोहरी मार झेल रहा है। जब पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश और राजस्थान में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी सुचारू रूप से चालू है,तो मध्य प्रदेश में किसानों की उपज क्यों नहीं खरीदी जा रही? एक तरफ सरकार उपज नहीं खरीद रही,दूसरी तरफ बैंक किसानों से कर्ज की रिकवरी के लिए दबाव बना रहे हैं। समय पर भुगतान न मिलने के कारण किसान आर्थिक तंगी से जूझ रहा है और आत्महत्या जैसे कदम उठाने को विवश है। सरकार ने समय से खरीदी प्रक्रिया शुरू नहीं की,जिससे किसानों का धैर्य जवाब दे रहा है। बैंक वाले रिकवरी के लिए दरवाजे खटखटा रहे हैं। यह सरकार की सोची-समझी साजिश है। प्रदर्शन के अंत में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा,जिसमें मांग की गई कि किसानों की उपज की तुरंत खरीदी शुरू की जाए और बैंकों की रिकवरी पर तत्काल रोक लगाई जाए। कांग्रेस ने साफ कर दिया है कि जब तक किसानों और युवाओं को उनका हक नहीं मिल जाता,उनका संघर्ष जारी रहेगा।

## बारापत्थर हत्याकांड का मुख्य आरोपी और मददगार गिरफ्तार, पिस्टल व बाइक बरामद

**सतना।**

जिले की नागौद पुलिस ने बारापत्थर में हुए सनसनीखेज हत्याकांड के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने हत्या कर फरार चल रहे मुख्य आरोपी आलोक सोनी समेत उसे पनाह देने और सहयोग करने वाले दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से वारदात में इस्तेमाल पिस्टल,जिंदा कारतूस और दो मोटरसाइकिलें भी जब्त की गई हैं।



### क्या था मामला?

घटना 5 मार्च की रात करीब 9:30 बजे की है। बारापत्थर निवासी फरियादिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि जब वह रसोई में खाना बना रही थी,तभी पटाखों जैसी आवाज सुनकर वह छत पर गई। वहां उसने चंदन यादव और आलोक सोनी को हथियार के साथ देखा। आरोपियों ने अंधाधुंध फायरिंग कर बबलू यादव की हत्या कर दी थी और मृतक के बेटे राणा यादव के पैर में भी गोली मारकर उसे घायल कर दिया था। इस वारदात के बाद से ही आरोपी फरार थे। थाना प्रभारी अशोक पाण्डेय के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई थी। साइबर सेल की मदद से पुलिस ने आरोपियों का पीछा किया और आखिरकार आरोपी आलोक सोनी को धर दबोचा।पूछताछ के दौरान आलोक ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। साथ ही,फरारी के दौरान आरोपियों को छिपाने और संसाधन उपलब्ध कराने वाले दो सहयोगियों संजय साकेत और प्रेम पुरवार को भी गिरफ्तार किया गया है। आरोपी आलोक सोनी से एक अवैध पिस्टल,एक जिंदा कारतूस और वारदात में इस्तेमाल होंडा शाइन मोटरसाइकिल जब्त की गई है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया,जहाँ से उन्हें जेल भेज दिया गया है।मामले का एक अन्य मुख्य आरोपी चंदन यादव अभी भी पुलिस की रडार पर है।इस गुत्थी को सुलझाने में निरीक्षक अशोक पाण्डेय,उपनिरीक्षक रंगदेवल सिंह, अजीत सिंह (साइबर सेल),सउनि श्यामलाल रावत,अजीत वर्मा,मुकेश सिंह,प्रधान आरक्षक वाजिद खान,संजय मिश्रा,दीपेश पटेल (साइबर सेल),चालक मनोज गुप्ता और आरक्षक किशन सिंह,अजय विश्वकर्मा व सचिन दास की मुख्य भूमिका रही।

### मैहर में 20 अप्रैल को ब्राह्मण विवाह सम्मेलन

**मैहर।** नगर में आगामी 20अप्रैल 2026 को ब्राह्मण समाज द्वारा एक भव्य विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सामाजिक पहल का उद्देश्य विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह को सरल एवं सम्मानजनक तरीके से संपन्न कराना है। आयोजकों द्वारा सम्मेलन के प्रचार-प्रसार के लिए शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वाहनों के माध्यम से भी लोगों तक इस आयोजन की जानकारी पहुंचाई जा रही है ताकि अधिक से अधिक परिवार इसका लाभ ले सकें। समाज के वरिष्ठ सदस्य पं.विष्णुधर उरमलिया ने सभी विप्र समाजजनों से अपील करते हुए कहा है कि इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लें और तन,मन,धन से सहयोग प्रदान करें।



## ककरा कुबरी में अवैध खदानों का तांडव: किसके संरक्षण में उड़ रही नियमों की धज्जियां?

**मैहर।**

मैहर के ककरा कुबरी गांव में अवैध उत्खनन का काला कारोबार धड़ल्ले से फल-फूल रहा है। बताया जा रहा है कि सुखदेव प्रसाद गोयनका की खदान (संचालन आनंद गोयनका) में खनन कर मुनाफा तो कमाया गया,लेकिन नियमों को ताक पर रखकर खदानों को खुला ही छोड़ दिया गया है। खेतों के बीचों-बीच स्थित ये गहरी खदानें अब ग्रामीणों और पशुओं के लिए जानलेवा साबित हो रही हैं। स्थानीय लोगों का सीधा आरोप है कि खनिज विभाग और कारोबारियों के बीच गहरी सांठगांठ है,जिसके चलते सरकार को हर महीने लाखों रुपये के राजस्व का चूना लगाया जा रहा है। सवाल यह उठता है कि क्या खनिज विभाग वाकई इस मनमानी से अनजान है या जानबूझकर चुप्पी साधे हुए है।

WE ARE HIRING
Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER
Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.
Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years
Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records
How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

**खबर संक्षेप**

## छत्रसाल व्यायाम शाला का सांसद विष्णु शर्मा ने किया निरीक्षण



**पन्ना।** खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने आज सुबह पन्ना नगर के रानीगंज स्थित छत्रसाल व्यायाम शाला का निरीक्षण किया है डेढ़ सौ वर्ष पुरानी इस व्यायाम शाला की स्थिति अब ज्यादा बेहतर नहीं है इसलिए सांसद विष्णु शर्मा ने अपनी निधि से इस व्यायाम शाला के विकास का आश्वासन दिया है इस व्यायाम शाला में अब आधुनिक जिम की मशीन लगाई जाएगी इतना ही नहीं विष्णु शर्मा ने स्थानीय युवकों द्वारा जुगाड़ के साधनों से तैयार की गई जिम की तारीफ भी की जिसमें मोटर साइकिल की चेन और लोहे की सरिया से जिम बनाई गई है और बड़ी मात्रा में पत्थरों का उपयोग कर वेट लिफटर बनाए गए जिस पर विष्णु दत्त शर्मा ने स्थानीय लोगों के जुगाड़ की प्रशंसा की उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में फिट इंडिया प्रोग्राम चल रहा है जिसमें हमें युवकों को खेल और अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रोत्साहित करना है विष्णु शर्मा ने इस तरह की पुरानी व्यायाम शालाओं कुछ चिन्हित कर विकसित करने की बात कही है उनके साथ भाजपा नेता सदानंद गौतम, जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा, तरुण पाठक, उपाध्यक्ष भास्कर पांडे,लक्ष्मी यादव, भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष नरेंद्र यादव, राजकुमार वर्मा, अखाड़ा संचालक हरि पहलवान अवधेश प्रताप सिंह यादव बड़ी संख्या में युवक सांसद के साथ पहुंचे।

## नीलेश सिंह का आयकर विभाग में चयन, क्षेत्र में खुशी की लहर



**पन्ना।** अजयगढ़ निवासी नीलेश सिंह ने अपने कठिन परिश्रम और लगन के बल पर एसएससी सीजीएल 2025 परीक्षा में शानदार सफलता हासिल करते हुए आयकर विभाग में इनकम टैक्स इंस्पेक्टर के पद पर चयन प्राप्त किया है। इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में गर्व और खुशी का माहौल है। नीलेश सिंह, जो कि शिवचरण सिंह बाबूजी और शिक्षिका जानकी बाई के पुत्र हैं, ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक (।प्त) 201 हासिल की है। उन्होंने कुल 390 में से 351 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उनकी इस सफलता ने यह सिद्ध कर दिया कि मेहनत, लगन और सही मार्गदर्शन से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। विशेष बात यह है कि नीलेश सिंह, रिटायर्ड ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नंदपाल सिंह लोधी के भतीजे हैं। परिवार और क्षेत्र के लोगों ने उनकी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। नीलेश की इस सफलता ने युवाओं के लिए एक प्रेरणास्रोत का काम किया है। उनके इस उपलब्धि से यह संदेश जाता है कि यदि लक्ष्य के प्रति समर्पण हो तो सफलता निश्चित है। परिवारजनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने नीलेश सिंह को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी ने किया कलेक्टर कार्यालय का घेराव

## प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री के खिलाफ जमकर की नारेबाजी राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन







**पन्ना।**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा कलेक्टर कार्यालयों का घेराव किया गया है। इसी कड़ी में जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना के आवाहन पर पन्ना जिला मुख्यालय में भी कलेक्टर कार्यालय का घेराव करते हुए मुख्यमंत्री तथा प्रधानमंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय से रैली प्रारंभ हुई तथा कलेक्टर कार्यालय गेट के सामने उक्त रैली सभा में तब्दील हो गई इस दौरान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनीश खान ने कहा कि प्रदेश के किसान भारी परेशान है उनकी फसल उपार्जन केंद्रों में नहीं ली जा रही है क्योंकि अभी तक प्रदेश सरकार द्वारा तारीख ही निश्चित नहीं की है इसके साथ ही किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जमकर नारेबाजी करते हुए तत्काल किसानों की फसल उपार्जन करने की मांग की गई इसके बाद विभिन्न बिंदुओं से संबंधित ज्ञापन महामहिम राज्यपाल के नाम कलेक्टर प्रतिनिधि को सोपा गया। तथा किसानों की समस्याओं का जल्द निराकरण कराई जाने की मांग की गई उक्त प्रदर्शन के दौरान जिले भर से कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता तथा किसान शामिल हुए भारी संख्या में किसान ट्रैक्टर लेकर भी आए हुए थे। प्रदर्शन के दौरान अनेक प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रूप से जिला प्रभारी राजभान सिंह पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे पूर्व विधायक महेंद्र बागरी पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवजीत सिंह भैया राजा पूर्व प्रत्याशी भारत मिलन पांडे जीवनलाल सिद्धार्थ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री वीरेंद्र द्विवेदी पूर्व प्रत्याशी गिरधारी लाल लोधी जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष राजेश तिवारी रामकिशोर मिश्रा किसान कांग्रेस के अध्यक्ष सेवालाल पटेल संगठन महामंत्री राजबहादुर पटेल सेवादल के अध्यक्ष राम बहादुर द्विवेदी ब्लॉक अध्यक्ष पन्ना श्रीमती रमा बुंदेलाअजयगढ़ जगदीश यादव देवेंद्र नगर मिलन कुशवाहा अमानगंज सौरभ दुबे गुनौर अरुण बबलू गौतम जिला पंचायत सदस्य रविंद्र सिंह बुंदेला माखन पटेल आनंद शुक्ला मार्तंड देव बुंदेला मनीष मिश्रा धर्मपुर ब्लॉक अध्यक्ष राम बहोरी लोधी जिला मीडिया प्रभारी राकेश शर्मा श्रीमती आस्था तिवारी दीपक तिवारी डॉक्टर कादीर खान रामलाल पटेल रामबाबू पटेल युवा कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ सिंह एनएसयूआई अध्यक्ष आकाश जाटव श्रीमती देव की प्रजापति पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हक्कून दहायत हसीब खान आशीष बागड़ी पुरुषोत्तम जड़िया कुलदीप सिंह शीतल पांडे संजय तिवारी फैज मोहम्मद फैयाज मोहम्मद धूराम चौधरी फोई लाल चौधरी आशीष बागरी भभूत सिंह राजपूत केसरी अहिरवार कमल सिंह राजपूत शशीकांत दिक्षित नरेंद्र विश्वकर्मा है।

## गांव चलो अभियान के तहत सांसद ने किए सीधे संवाद

# पन्ना विधानसभा के ग्राम जरधोवा में लगाई जन चौपाल

### हितग्राहियों को किया लाभ वितरण और वरिष्ठ जनों का किया सम्मान

**पन्ना।**






सांसद बीडी शर्मा ने पन्ना विधानसभा के जरधोवा ग्राम में जानचौपाल लगाकर जनता से सीधे संवाद किया इस अवसर पर सांसद ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और राज्य की मोहन सरकार की जन कल्याणकारी योजना की जानकारी देते हुए कहा कि दोनों सरकार आम जन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही हैं उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना किसान सम्मान निधि आयुष्मान भारत योजन लाडली लक्ष्मी योजना लखपति दीदी योजना जैसी योजनाओं से ग्रामीणों को सीधा लाभ मिल रहा है। जन चौपाल में ग्रामीणों ने बिजली पानी की समस्या की तरफ ध्यान आकर्षित कराया इस पर सांसद श्री विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का संकल्प है की जल जीवन मिशन के तहत हर घर में नल से पानी पहुंचे और देश के प्रत्येक गांव में बिजली सुचारू रूप से पहुंचे उन्होंने जिला प्रशासन जल जीवन मिशन वन विभाग और बिजली विभाग के अधिकारियों को समय सीमा में समस्याओं को निराकरण के निर्देश दिए। सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने केंद्र और राज्य सरकार की अन्य योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों से ली उन्होंने 5 किलो अनाज हर घर को नियमित रूप से मिलने पर प्रशासन को बधाई दी साथ ही स्वास्थ्य सेवाएं खासतौर से एंबुलेंस की व्यवस्था बेहतर बनाने की निर्देश दिए सांसद शर्मा ने जन चौपाल में मौजूद पंचायत सचिव को प्रधानमंत्री आवास में बचे हुए ग्रामीणों के नाम जुड़वाने के निर्देश दिए। गांव चलो अभियान के मकसद पर प्रकाश डालते उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की ओर भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन जी की मंशा है की सरकार जनता के द्वारा जाए और उनकी समस्या सुनकर मौके पर निराकरण करें। प्रधानमंत्री जी खुद को प्रधान सेवक कहते हैं इसलिए हम जनता के सेवक हैं और आज शासकीय अमले के साथ-साथ हम गांव में आपके घर में मौजूद हैं प्रधानमंत्री मोदी जी की सरकार और मध्य प्रदेश भाजपा की सरकार आज आपके द्वारा आपके पास आई है। सांसद ने कहा कि प्रदेश सरकार भी किसान युवा महिलाओं के सशक्तिकरण करण के लिए प्रतिबद्ध है गांव में सड़क पानी और बिजली और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है की सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने गांव के विकास में सहभागी बने इस दौरान उन्होंने सभी ग्रामीण के वरिष्ठ जनों का सम्मान किया तथा केंद्र सरकार और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वितग्राहियों से चर्चा की साथ ही उन्होंने ग्राम के युवाओं से आह्वान किया कि वह अपने आसपास के जलाशय को साफ करें और जल संरक्षण पर काम करें। आपके सफाई अभियान में मै दोबारा जरधोवा आऊंगा तथा उन्होंने स्वच्छ भारत के तहत स्वच्छता का भी संदेश दिया। श्री शर्मा ने कहां की कोविद के समय जो निशुल्क गल्ला प्रदान करने की योजना जो चालू की गई थी वह आज भी चालू है और आप सब इस योजना का लाभ उठा रहे हैं इस बात की हमें खुशी है। जनसंपर्क के दौरान सांसद बीडी शर्मा ने गांव वालों को आश्वासन दिया कि बहुत जल्दी ही आपकी बिजली पानी समस्या को निपटाया जाएगा और वन और राजस्व विभाग के विवाद को भी निश्चित समय सीमा के अंदर निपटाया जाएगा। जनसंवाद के दौरान आयुष्मान कार्ड से लाभान्वित हितग्राही ने बताया कि उसके दोनों वाल्व खराब हो गए थे लेकिन माननीय प्रधानमंत्री जीकी योजना से लाभान्वित होकर मै अपने परिवार के साथ रह रहा हुॅ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक पन्ना बृजेंद्र प्रताप सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना राजे जी भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा कलेक्टर पन्ना ऊषा परमार पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमति निवेदिता नायडू, के साथ साथ राजेंद्र कुशवाहा संतोष यादव श्रीमती संगीता शिवहरे सुशील त्रिपाठी, कमल लालवानी, भास्कर पांडे, आशीष तिवारी और दुर्गेश शिवहरे शामिल थे।



## मंदिर से घंटे चोरी करने वाले दो शातिर अपराधी गिरफ्तार

### कुल 29 नग घंटे (कीमती करीब 70,000/-) बरामद, वारदात में प्रयुक्त मोटर साइकिल जप्त

**पवई।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं संपत्ति संबंधी अपराधों का त्वरित खुलासा करने हेतु निर्देशित किया गया है। दिनांक 08/04/2026 को फरियादी द्वारा थाना पवई में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि ग्राम सिमरा कला स्थित प्राचीन मसान बब्बा मंदिर से अज्ञात चोरों द्वारा रात्रि के समय श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए गए पूजा के घंटों की चोरी कर ली गई है। उक्त सूचना पर थाना पवई में अपराध क्रमांक 115/26, धारा 331(4), 305(क) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा थाना प्रभारी पवई निरीक्षक श्री सुशील कुमार अहिरवार को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वंदना सिंह एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमती भावना दांगी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम द्वारा घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण कर आसपास के क्षेत्र में सघन पूछताछ की गई तथा संदिग्ध व्यक्तियों की जानकारी एकत्रित करने हेतु मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया एवं क्षेत्र में मुखबिर फैलाए गए। लगातार प्रयासों के दौरान विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति चोरी किए गए मंदिर के घंटों को बेचने की फिराक में हैं। प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित घेराबंदी कर दबिश दी गई, जहां से दो आरोपियों को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा मंदिर से घंटे चोरी करना स्वीकार किया गया। दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।



**बरामदगी-** आरोपियों के कब्जे से चोरी गए कुल 29 नग मंदिर के घंटे (कीमती करीब 70,000/-) एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जप्त की गई।

**गिरफ्तार आरोपी-** रविंद्र सपेरा पिता काशीनाथ सपेरा, उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम बरजी, थाना रीठी, जिला कटनी, संदीप सपेरा पिता प्रताप बिहारी सपेरा, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम बरजी, थाना रीठी, जिला कटनी।

**सराहनीय योगदान-** उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी पवई निरीक्षक श्री सुशील कुमार अहिरवार के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक रामसजीवन तिवारी, आरक्षक राहुल अहिरवार, आरक्षक रमाकांत कुर्मी एवं वाहन चालक नागेन्द्र मांझी का सराहनीय योगदान रहा।



## भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा प्रारंभ

**पवई।** पवई अन्तर्गत ग्राम पिपरियादौन में मंगलवार से प्रारंभ हुई संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के पूर्व नगर मे भव्य कलश यात्रा कथा व्यास पंडित दयाशंकर कुपरहा के सानिध्य मे धूमधाम के साथ निकाली गई। भायात्रा साम को काली माता मंदिर से शुरू हुई ग्राम के मुख्य मार्गों से होती हुई कथा स्थल पहुंची जहां विधि विधान के साथा कलश पूजन हुआ तत्पश्चात कथा व्यास द्वारा भागवत कथा का महत्व कथा श्रवण करने से प्राप्त होने फल को विस्तार पूर्वक बताया गया शोभायात्रा सैकड़ो की संख्या महिलाए पुरूष सामिल रहे कथा का आयोजन ग्राम के प्रतिष्ठित रमेश कुमार पाठक द्वारा किया जा रहा है 11 अप्रेल शनिवार को श्रीकृष्ण जन्म 13 अप्रेल रूकमणी-कृष्ण 14 को सुदामा चरित्र तथा 15 अप्रेल को हवन पूजन भंडारा प्रसाद वितरण होगा।

## बिना संकेत बांधी डोर ने खोली लापरवाही की पोल, बड़ा हादसा टला

# कॉलेज परिसर में 'जुगाड़' बनी जानलेवा, गले में फंसी रस्सी से युवक घायल

### बहन को परीक्षा दिलाने आया युवक चोटिल, जवाब देने से बचता दिखा प्रबंधन

**अमानगंज।**





अमानगंज के शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय में सुरक्षा व्यवस्था की बड़ी चूक सामने आई है। कॉलेज परिसर में मोटरसाइकिल रोकने के लिए पोल और पेड़ के बीच साधारण सफेद रस्सी बांध दी गई थी, लेकिन इस पर कोई चेतावनी संकेत नहीं लगाया गया। यही लापरवाही एक युवक पर भारी पड़ गई। जानकारी के मुताबिक, अपनी बहन को परीक्षा दिलाने मोटरसाइकिल से आए युवक आदित्य नारायण सोनी (अमानगंज) तेज धूप की चकाचौंध के कारण सामने बंधी रस्सी को नहीं देख पाए और उनका गला सीधे रस्सी में फंस गया। युवक घायल हो गया, हालांकि उसकी सूझबूझ से बड़ी अनहोनी टल गई। घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज में प्राथमिक उपचार दिया गया। युवक ने आरोप लगाया कि कॉलेज प्रबंधन की लापरवाही के चलते यह घटना हुई। उनका कहना है कि धूप में सफेद रस्सी बिल्कुल दिखाई नहीं देती, इसके बावजूद बिना किसी सुरक्षा व्यवस्था के इसे बांध दिया गया था। मौके पर देखा गया कि विशाल मैदान होने के बावजूद सुरक्षित बैरिकेडिंग की जगह साधारण रस्सी से रास्ता रोका गया था। इस व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं कि क्या छात्रों की सुरक्षा को लेकर कोई गंभीरता नहीं दिखाई गई? घटना के बाद मीडिया ने कॉलेज प्रबंधन से बात करने की कोशिश की, लेकिन प्राचार्य अनुपस्थित बताए गए और अन्य कर्मचारी जिम्मेदारी लेने से बचते नजर आए। इस घटना ने कॉलेज परिसर की सुरक्षा व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।सबसे हैरानी की बात यह रही कि बड़ा मैदान होने के बावजूद सुरक्षित बैरिकेडिंग या वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई। महज एक साधारण रस्सी बांधकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया गया। यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या कॉलेज प्रबंधन के पास सुरक्षा के लिए कोई बजट नहीं था, या फिर लापरवाही को ही व्यवस्था मान लिया गया?अब बड़ा सवाल यह है कि क्या सुरक्षा के नाम पर किया गया यह 'जुगाड़' किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा।

## बाल विवाह मुक्त अभियान: गुनौर के सेक्टर में जागरूकता रैली का आयोजन

**गुनौर।**




महिला एवं बाल विकास विभाग, परियोजना गुनौर के अंतर्गत बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को जड़ से मिटाने के लिए ''बाल विवाह मुक्त अभियान'' के तहत एक भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम परियोजना अधिकारी सुश्री कीर्ति प्रभा चंदेल के कुशल मार्गदर्शन में सेक्टर गुन्नौर में संपन्न हुआ।

रैली और सहभागिता -सेक्टर गुन्नौर की पर्यवेक्षक ज्योति पानसे के नेतृत्व में आयोजित इस रैली में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और ग्रामीण महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रैली के माध्यम से पूरे क्षेत्र में बालिकाओं के उज्जवल भविष्य और उनके अधिकारों के प्रति संदेश प्रसारित किया गया।

**मुख्य उद्देश्य और संबोधन -** कार्यक्रम के दौरान पर्यवेक्षक ज्योति पानसे ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बाल विवाह के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने रेखांकित किया किरू

कानूनी जागरूकतारू बाल विवाह न केवल सामाजिक बुराई है, बल्कि एक कानूनी अपराध भी है। स्वास्थ्य और शिक्षारू कम उम्र में विवाह से बालिकाओं के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है और उनकी शिक्षा बाधित होती है।

**सामाजिक जिम्मेदारी-** ग्रामीण स्तर पर हर नागरिक को सजग रहना होगा ताकि किसी भी मासूम का बचपन न छीना जाए।

### शपथ और प्रेरणा

रैली में शामिल महिलाओं और कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे अपने आस-पास बाल विवाह को रोकेंगी और समाज में शिक्षा व जागरूकता का प्रसार करेंगी। ष्बालिका पढ़ेगी, तभी आगे बढ़ेगीष के नारों के साथ ग्रामीणों को इस मुहिम का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित किया गया। संदेश, बाल विवाह मुक्त समाज ही एक सशक्त राष्ट्र की नींव है। आइए, हम सब मिलकर बालिकाओं के बेहतर कल के लिए इस कुरीति को समाप्त करने का संकल्प लें।

## थाना सलेहा पुलिस द्वारा घर में घुसकर चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

### आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया सोने का मंगलसूत्र एवं नगदी जप्त



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में पन्ना पुलिस द्वारा थाना सलेहा में दर्ज चोरी के अप.क्र. 80/2026 में घर में घुसकर चोरी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर उसके कब्जे से चोरी किया गया मशरूका बरामद किया गया है। मामले में दिनांक 07.04.2026 को आवेदिका साधना रजक पति परषोत्तम रजक उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम करहिया थाना सलेहा द्वारा थाना सलेहा में रिपोर्ट की गई थी कि दिनांक 06.04.2026 की दरम्यानी रात्रि लगभग 01.00 बजे आरोपी रामू पटेल निवासी करहिया द्वारा उसके घर में घुसकर बक्से के ऊपर रखे सूटकेस को खोलकर उसमें रखे नगद 40,000 रुपये एवं सोने का मंगलसूत्र चोरी कर लिया गया है । फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना सलेहा में अपराध क्रमांक 80/2026 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी सलेहा उनि बलबीर सिंह द्वारा घटना की विस्तृत जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लिया गया। मामले में आरोपी की गिरफ्तारी एवं चोरी गये मशरूका की बरामदगी हेतु पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व अनु. अधि. पुलिस गुनौर श्री राजीव सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी सलेहा उनि बलबीर सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया। उक्त गठित पुलिस टीम द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशानुसार मामले के आरोपी की पतारसी हेतु संभावित प्रयास किये गये। मामले में पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया जिसके फलस्वरूप मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी रमाकांत उर्फ रामू पटेल पिता रामगोपाल पटेल उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम करहिया थाना सलेहा जिला पन्ना के विरुद्ध अपराध प्रमाणित पाए जाने पर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर सूचना पर दिनांक 09.04.2026 को आरोपी को ग्राम करहिया स्थित मन्दहिया हार के खेत में बनी मड़ैया के पास से पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा पूँछताछ किये जाने पर आरोपी द्वारा चोरी किया जाना स्वीकार किया गया। मामले में पुलिस टीम द्वारा आरोपी के बताये अनुसार आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया एक सोने का मंगलसूत्र एवं 5,000 रुपये नगद जप्त किये जाकर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

**गिरफ्तार आरोपी -** रमाकांत उर्फ रामू पटेल पिता रामगोपाल पटेल, उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम करहिया थाना सलेहा जिला पन्ना।

**जप्त सामग्री-** पन्ना पुलिस द्वारा आरोपी के बताये अनुसार आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया एक सोने का मंगलसूत्र एवं 5,000 रुपये नगद जप्त किये गये हैं।

**सराहनीय योगदान -** उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सलेहा उनि बलबीर सिंह, सहायक उप निरीक्षक भैयामन सिंह, प्रधान आरक्षक राजेश प्रजापति, आदित्य कुशवाहा, आरक्षक भरत पांडे बबलू पटेल एवं महिला आरक्षक प्रियंका सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

**खबर संक्षेप**

### पैतृक मकान पर दबंग का कब्जा, पीड़िता ने लगाई न्याय की गुहार



**छतरपुर।** जिले के नौगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिलहरी में एक महिला के पैतृक मकान को जेसीबी से ध्वस्त कर कब्जा करने का मामला सामने आया है। पीड़िता श्रीमती तिजिया अहिरवार, निवासी ग्राम सौरा थाना महोबकंठ जिला महोबा (उ.प्र.), ने आरोप लगाया है कि उसके पिता स्व. मनुआ अहिरवार की मृत्यु के बाद वह और उसकी बहन रति अहिरवार ही परिवार की वारिस हैं।पीड़िता के अनुसार ग्राम बिलहरी स्थित उनके पैतृक मकान की देखरेख वे दोनों बहनें करती थीं। लेकिन दिनांक 11 नवंबर 2025 को गांव के ही देवीदीन अहिरवार ने जेसीबी मशीन से मकान को गिराकर जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया। इस घटना की शिकायत पीड़िता द्वारा उसी दिन एवं 24 फरवरी 2026 को थाना नौगांव में की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी द्वारा लगातार जान से मारने की धमकी दी जा रही है और गांव आने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी जाती है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर मामले में तत्काल कार्रवाई कर न्याय दिलाने की मांग की है।

### फोरलेन से अवैध पिस्टल के साथ आरोपी गिरफ्तार, आर्म्स एक्ट में कार्रवाई



**छतरपुर।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने फोरलेन मार्ग पर संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी ली, जहां उसके पास से एक अवैध पिस्टल बरामद हुई। जांच के दौरान आरोपी पिस्टल का कोई वैध लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने तत्काल पिस्टल को जब्त करते हुए आरोपी की पहचान विनय नामदेव के रूप में की। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। कोतवाली टीआई सतीश सिंह का कहना है कि क्षेत्र में अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## 50 बिस्तर वाले आधुनिक अस्पताल का शुभारंभ स्वास्थ्य सुविधाओं को मिलेगी नई दिशा



**नौगांव।** छतरपुर जिले के नौगांव में गुरुवार को 50 बिस्तरों वाले नवीन अस्पताल का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक कामाख्या प्रताप सिंह एवं कलेक्टर पार्थ जायसवाल द्वारा किया गया। लगभग 11 करोड़ 35 लाख रुपये की लागत से तैयार इस भवन में 7 करोड़ 8 लाख रुपये के अत्याधुनिक उपकरण भी लगाए जा रहे हैं।

अस्पताल के शुरू होने से अब नौगांव क्षेत्र की जनता को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए अन्य जिलों में नहीं जाना पड़ेगा। यह अस्पताल स्थानीय स्तर पर बेहतर और त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएगा, जिससे क्षेत्र के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

### निरीक्षण के साथ दिए गए आवश्यक निर्देश, जल्द पूरी होंगी सभी कमियां

शुभारंभ के बाद विधायक कामाख्या प्रताप सिंह और कलेक्टर पार्थ जायसवाल ने अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि जो भी कमियां हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाएगा।

इस दौरान सीएमएचओ डॉ. आर.पी. गुप्ता, पीएम डॉ. रविंद्र पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष अनूप तिवारी, जनपद पंचायत अध्यक्ष हेमलता पाठक एवं एसडीएम गोपाल शरण पटेल तहसीलदार रमेश कोल सहित जनप्रतिनिधि और नागरिक पत्रकार उपस्थित रहे। यह पहल क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## कोई डर नहीं जागरुकता जरूरी, कलेक्टर ने छात्राओं से संवाद कर उन्हें किया प्रेरित

**नौगांव।** नगर के सांदीपनि शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नौगांव में ह्यूमन पैपिलोमा वायरस एचपीव्ही वैक्सीनेशन की कम प्रगति को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने वाइस प्रिंसिपल कृष्ण कुमार शुक्ला एवं सीएमएचओ डॉ आर.पी. गुप्ता छतरपुर को जमकर फटकार लगाई उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि बेटियों के स्वास्थ्य और भविष्य से जुड़ा विषय है, जिसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक छात्रा तक वैक्सीनेशन की सुविधा और जानकारी समय पर पहुंचना चाहिए वहीं सख्ती के साथ साथ कलेक्टर ने बेहद सकारात्मक और संवेदनशील पहल भी दिखाई। उन्होंने छात्राओं से सीधे संवाद किया, उनके मन में मौजूद डर और भ्रम को भी दूर किया। सरल भाषा और आत्मीय अंदाज में कलेक्टर ने समझाया कि एचपीव्ही वैक्सीनेशन उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए कितना जरूरी है। उनकी इस पहल से छात्राओं में विश्वास और जागरूकता दोनों बढ़े।

### विक्ट्री साइन के साथ छात्राओं ने जताई खुशी -

कलेक्टर की प्रेरणा का असर तुरंत दिखाई दिया। पहले जहां वैक्सीनेशन को लेकर छात्राओं में संकोच था, वहीं छात्राओं ने आपस में बात कर एक दूसरे को राजी कर अब छात्राएं आगे बढ़कर टीका लगवाने लगीं। खुशी और आत्मविश्वास से भरी छात्राओं ने विक्ट्री साइन बनाकर अपनी सकारात्मक सोच और जागरूकता का प्रदर्शन किया। यह दृश्य पूरे विद्यालय के लिए प्रेरणादायक बन गया। छतरपुर कलेक्टर की प्रेरणा के बाद 21 छात्राओं ने लगवाई एचपीव्ही वैक्सीन



### छात्राएं बनीं जागरूक करने के लिए ब्रांड एंबेसडर

सिर्फ खुद वैक्सीनेशन कराने तक ही सीमित न रहकर छात्राओं ने अपनी सहेलियों और अन्य छात्राओं को भी प्रेरित किया। उन्होंने आपस में संवाद कर वैक्सीनेशन के महत्व को साझा किया, जिससे पूरे स्कूल में एक जागरूकता अभियान जैसा माहौल बन गया। कलेक्टर पार्थ जैसवाल की पहल ने न केवल वैक्सीनेशन अभियान को गति दी, बल्कि छात्राओं में आत्मविश्वास और स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी विकसित की। नौगांव के सांदीपनि शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में देखने को मिला यह प्रयास बताता है कि यदि प्रशासन इच्छाशक्ति के साथ काम करे, तो सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी बदलाव तेजी से संभव हैं। कलेक्टर की फटकार ने जहां जिम्मेदारों को सतर्क किया, वहीं उनकी सकारात्मक सोच और संवाद ने छात्राओं को जागरूक और सशक्त बनाया।

## एसबीआई मुख्य शाखा में लूट की कोशिश नाकाम

### रुपए छीनकर भाग रहे आरोपी को भीड़ ने दबोचा

**छतरपुर।** जिला मुख्यालय पर स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य शाखा में आज उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक शातिर लुटेरे ने बैंक के भीतर ही एक बुजुर्ग कर्मचारी से हजारों रुपए छीनकर भागने का दुस्साहस किया। हालांकि, आरोपी की यह कोशिश नाकाम रही और मौके पर मौजूद बैंक गार्ड व जागरूक नागरिकों ने दिलेरी दिखाते हुए उसे धर दबोचा। बाद में आरोपी को सिटी कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया गया।



जानकारी के अनुसार, सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के बसारी दरवाजा निवासी लल्लूराम वाल्मीकि, जो पशुपालन विभाग में स्वीपर के पद पर कार्यरत हैं, सोमवार सुबह करीब 11 बजे व्यक्तिगत कार्य से एसबीआई की मुख्य शाखा पहुँचे थे। उन्होंने अपने खाते से 49 हजार रुपए की नकदी निकाली और वहीं काउंटर के पास खड़े होकर रुपए गिनने लगे। इसी दौरान वहां पहले से घात लगाए बैठे एक युवक ने अचानक उनके हाथ से करीब 5000 रुपए के नोट छीन लिए और मुख्य द्वार की ओर भागने लगा। बुजुर्ग लल्लूराम के शोर मचाने पर बैंक में तैनात गार्ड और वहां मौजूद अन्य ग्राहकों ने तुरंत सक्रियता दिखाई। आरोपी बैंक के बाहर निकल पाता, उससे पहले ही लोगों ने उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुँची और आरोपी को हिरासत में लेकर थाने ले आई। पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शब्बीर बताया है, जो मूल रूप से भोपाल का रहने वाला है।



### छतरपुर में फर्जी केस में फंसाने का आरोप, पीड़ितों ने की निष्पक्ष जांच की मांग

**छतरपुर।** शहर के टोरिया मोहल्ला निवासी कुछ लोगों ने नई बस्ती टोरिया के रहने वाले करन बसोर और सूरज (घोंचू) बसोर पर झूठे मामले में फंसाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में पीड़ितों ने थाना सिटी कोतवाली एवं एसपी कार्यालय में आवेदन देकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। आवेदन के अनुसार, सभी आवेदक मैकेनिक का कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उन्होंने बताया कि 8 अप्रैल 2026 को थाना सिटी कोतवाली से उन्हें फोन कर बुलाया गया, जहां उन्हें जानकारी दी गई कि करन और सूरज ने उनके खिलाफ एसपी ऑफिस में शिकायत दर्ज कराई है। जबकि आवेदकों का कहना है कि 6 अप्रैल को करन और सूरज द्वारा उनके साथ घटना की गई थी, जिसकी शिकायत उन्होंने पहले ही कोतवाली में दर्ज कराई थी। पीड़ितों का आरोप है कि इसके बाद से करन और सूरज द्वारा उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने की कोशिश की जा रही है। सोशल मीडिया के माध्यम से भी उन्हें इस साजिश की जानकारी मिली है, जिससे उनका परिवार भयभीत है। साथ ही आरोप लगाया कि आरोपी दीपक कुंडे के साथ मिलकर उनके घर और दुकानों के आसपास घूमकर धमकियां दे रहे हैं। आवेदकों ने एसपी से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए और उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने के प्रयास से बचाया जाए।

## पति की हत्या कर फांसी का रूप देने की साजिश का खुलासा, पत्नी सहित 4 गिरफ्तार



**बड़ा मलहरा।** जिले के बड़ामलहरा थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए पत्नी सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि एक नाबालिग बालिका को अभिरक्षा में लेकर किशोर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। प्रारंभिक तौर पर आत्महत्या जैसा प्रतीत हो रहा मामला जांच में हत्या का निकला। पुलिस के अनुसार 28 मार्च 2026 को रानी उपाध्याय निवासी ग्राम सिंग्रामपुरा ने अपने पति संतोष उपाध्याय की मौत की सूचना दी थी जिस पर थाना बड़ामलहरा में मर्ग क्रमांक 14/26 धारा 194 बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान मृतक की गर्दन पर लिगेचर मार्क संदिग्ध पाए गए। वहीं मृतक के भाई रामबाबू उपाध्याय और पुत्री शालू उपाध्याय ने भी मौत को संदिग्ध बताते हुए संदेह व्यक्त किया। इसके बाद पुलिस ने मृतक की पत्नी रानी उपाध्याय से गंभीरता से पूछताछ की।

पूछताछ में रानी उपाध्याय ने स्वीकार किया कि पति संतोष उपाध्याय द्वारा आए दिन झगड़ा और मारपीट किए जाने से परेशान होकर उसने दीपक शुक्ला, विक्की ठाकुर और एक नाबालिग बालिका के साथ मिलकर पूर्व नियोजित योजना बनाई। योजना के तहत घटना वाले दिन संतोष उपाध्याय का चादर से मुंह दबाकर गला घोंटकर हत्या कर दी और बाद में शव को फांसी पर लटका दिया ताकि मामला आत्महत्या जैसा लगे।

पुलिस ने मामले में अपराध क्रमांक 90/26 धारा 103(1),238(ए) एवं 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपिया रानी उपाध्याय (37 वर्ष), दीपक शुक्ला पिता महेश शुक्ला निवासी ग्राम भरवानी टपरियन हाल वार्ड क्रमांक 15 बड़ामलहरा तथा विक्की उर्फ विक्रम सिंह पिता उत्तम सिंह परमार निवासी ग्राम लखनवां हाल वार्ड क्रमांक 15 बड़ामलहरा को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया। वहीं नाबालिग बालिका को अभिरक्षा में लेकर किशोर न्यायालय छतरपुर में प्रस्तुत किया गया।

इस कार्रवाई में एसडीओपी बड़ामलहरा रोहित सिंह अलावा के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक श्रद्धा शुक्ला, उप निरीक्षक भान सिंह घोष, उप निरीक्षक कृष्ण कुमार सौर, प्रधान आरक्षक संदीप कुमार, पंकज तिवारी, आरक्षक सरमन लाल, महिला आरक्षक सीता अहिरवार, शोभना राय,रचना रावत, रंजना डुडवे, आरक्षक सतीश यादव, विनोद कुमार, सोनू यादव, हरीश कुमार, रामकिशन रजक, उमेश राय, मलखान सिंह तथा चालक आरक्षक निशांत सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## महिला टाइपिस्ट को मारा थप्पड़, आरोपी गिरफ्तार



**छतरपुर।** जिला न्यायालय परिसर में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब प्रथम श्रेणी न्यायाधीश की कोर्ट में एक महिला टाइपिस्ट के साथ मारपीट की घटना सामने आई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, प्राइवेट तौर पर टाइपिंग का काम करने वाला आशीष रिछारिया अचानक विवाद के दौरान आपा खो बैठा और उसने महिला कर्मचारी को थप्पड़ मार दिया। घटना होते ही कोर्ट रूम में अफरा-तफरी मच गई। मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को हिरासत में लेकर थाने ले गई। न्यायालय जैसे संवेदनशील और सुरक्षित माने जाने वाले परिसर में इस तरह की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। एडिशनल एसपी आदित्य पटेल ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## बुंदेलखंड गौशाला जांच रिपोर्ट पहुंची कलेक्टर पार्थ जायसवाल के पास, नौगांव का मामला

**नौगांव।**

छतरपुर जिले की सबसे बड़ी नौगांव स्थित बुंदेलखंड गौशाला में हाल बेहाल नजर आ रहे हैं। पूर्व में हुई गौमाताओं की दर्दनाक मौत के बाद अब प्रशासन सख्त रुख में नजर आ रहा है। पूरे घटनाक्रम को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देश पर गठित जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट तैयार कर ली है, जो अब कलेक्टर के पास पहुंच चुकी है।

बताया जा रहा है कि जांच के दौरान गौशाला में कई प्रकार की लापरवाहियां सामने आई हैं। व्यवस्थाओं की कमी, समय पर उपचार न मिलना और प्रबंधन स्तर पर गंभीर खामियां उजागर होने की बात कही जा रही है। रिपोर्ट में इन पहलुओं को प्रमुखता से शामिल किया गया है। ऐसा सूत्रों के द्वारा बताया गया है। प्रशासन की इस कार्रवाई को सकारात्मक कदम के रूप में देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों और गौसेवकों को उम्मीद है कि इस घटना के बाद गौशालाओं की व्यवस्थाओं में सुधार होगा और भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होगी।

### इनका कहना है -

जांच रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



### एनटीपीसी विंध्याचल के यूनिट-12 ओवरहॉलिंग टीम को ऊर्जा देने के लिए मेगा पेप टॉक का आयोजन

**सिंगरौली** एनटीपीसी विंध्याचल के स्टेज-4 में यूनिट-12 ओवरहॉलिंग टीम को प्रेरित करने हेतु एक प्रभावशाली मेगा पेप टॉक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा प्रत्येक कर्मचारी को सुरक्षित कार्य संस्कृति अपनाने के लिए प्रेरित करना था।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) श्री संजीब कुमार साहा उपस्थित रहे। उन्होंने सभी कर्मचारियों को सुरक्षा शपथ दिलाई और भावनात्मक संदेश देते हुए कहा कि हर कर्मचारी अपनी सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करे, ताकि उनके परिजन उन्हें प्रतिदिन सुरक्षित और स्वस्थ घर लौटते हुए देख सकें।वरिष्ठ प्रबंधन ने भी अपने विचार साझा करते हुए सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया। श्री ए. जे. राजकुमार, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) ने पीपीई को दैनिक वर्दी के रूप में अपनाने की आवश्यकता बताई। वहीं श्री एम. सुरेश, महाप्रबंधक(अनुरक्षण एवं एडीएम) ने "सुरक्षा परमोधर्म" का संदेश दिया। श्री एस. के. सिन्हा, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं एफएम) ने टूल बॉक्स टॉक के बाद पीपीई के नियमित उपयोग और सुरक्षा नियमों के कड़ाई से पालन पर बल दिया। श्री आशीष अग्रवाल, अपर महाप्रबंधक(सुरक्षा) ने भीषण गर्मी के दौरान आवश्यक सावधानियों पर प्रकाश डालते हुए कर्मचारियों से स्वयं के साथ-साथ अपने सहकर्मियों का भी ध्यान रखने का आग्रह किया। कार्यक्रम में श्री संदीप कोहली, अपर महाप्रबंधक(ईएमडी) तथा श्री प्रगीत उपाध्याय, अपर महाप्रबंधक(बीएमडी) ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए।इस कार्यक्रम में लगभग 300 से अधिक कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही विभिन्न विभागाध्यक्षों द्वारा नामित 45 सुरक्षा-सचेत कर्मचारियों को प्रेरणा स्वरूप उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस प्रकार के मेगा पेप टॉक कार्यक्रम प्रबंधन और संविदा कर्मियों के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम हैं, जो सुरक्षा संस्कृति को और सुदृढ़ बनाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्रम का समापन श्री आशीष अग्रवाल, अपर महाप्रबंधक(सुरक्षा) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उत्साहपूर्ण सहयोग की सराहना की।

## मासूम ने निगला 5 रुपये का सिक्का, डॉक्टरों ने बचाई जान



**छतरपुर।** जिले के गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करोला में एक 4 वर्षीय मासूम के साथ चौंकाने वाली घटना सामने आई है। आर्यान्श नामक बच्चा कुरकुरे खाते समय गलती से 5 रुपये का सिक्का भी निगल गया, जिससे उसे खाने-पीने में गंभीर दिक्कत होने लगी। घटना के बाद घबराए परिजन तुरंत बच्चे को नौगांव अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल छतरपुर रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर मनोज चौधरी ने तत्परता दिखाते हुए सफलतापूर्वक बच्चे के गले से सिक्का निकाल लिया। समय रहते इलाज मिलने से बच्चे की जान बच गई। डॉक्टर मनोज चौधरी ने 9 अप्रैल को दोपहर करीब 1:30 बजे इस संबंध में जानकारी दी। फिलहाल बच्चा सुरक्षित है और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

## एनसीएल ने सिंगरौली में खेल परिसर (स्पोर्ट्स एकेडमी) निर्माण एवं संचालन हेतु जिला प्रशासन, सिंगरौली के साथ किया एमओयू

**सिंगरौली ।** मंगलवार को सिंगरौली स्थित कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने सीएसआर के तहत सिंगरौली में खेल परिसर (स्पोर्ट्स एकेडमी) के निर्माण, संचालन एवं रख-रखाव हेतु जिला प्रशासन, सिंगरौली के साथ एमओयू किया।इस दौरान जिला कलेक्टर, सिंगरौली गौरव बैनल एवं सीईओ जगदीश गोमे की उपस्थित में, एमओयू पर एनसीएल की ओर से महाप्रबंधक (सीएसआर), राजीव रंजन और जिला प्रशासन की ओर से कार्यकारी अभियंता (मध्य प्रदेश आवास एवं अवसंरचना विकास), शेर सिंह कलेश ने हस्ताक्षर किए। एनसीएल की इस सीएसआर पहल का मुख्य उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं के लिए सिंगरौली परिक्षेत्र में खेलों के ढांचागत उन्नयन के साथ खेल पारिस्थितिकी तंत्र का विकास करना है। इसके अतिरिक्त युवाओं की बेहतर फिटनेस के साथ उनकी छिपी हुई प्रतिभा की पहचान कर उन्हें अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार करना भी है। इस एमओयू के तहत एनसीएल द्वारा सिंगरौली में आधुनिक खेल परिसर का निर्माण, दो वर्षों तक उसका संचालन एवं रख-रखाव हेतु 13.29 करोड़ का वित्तीय सहयोग दिया जाएगा। इनडोर एवं आउटडोर खेल सुविधाओं से युक्त इस खेल परिसर (स्पोर्ट्स एकेडमी) में स्विमिंग पूल, बास्केटबॉल कोर्ट, लॉन टेनिस कोर्ट, टेबल टेनिस, बैडमिंटन कोर्ट, क्रिकेट नेट प्रैक्टिस पिच और पार्किंग जैसी सुविधाएं शामिल हैं। एनसीएल की इस पहल से उपरोक्त वर्णित खेल की विधाओं में सिंगरौली परिक्षेत्र के खिलाड़ियों को योग्य प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण भी मिलेगा।



**केन-बेतवा परियोजना का विरोध तेज, आंदोलनकारी बोले- दिल्ली जाने से रोका, रास्ते-राशन बंद किया**

# चिताओं पर लेटे बुंदेलखंड के आदिवासी, सीमाएं सील

**छतरपुर ।** केन-बेतवा लिंक परियोजना के विरोध में छतरपुर में आंदोलन निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। बुधवार दोपहर से बड़ी संख्या में आदिवासी किसान, खासकर महिलाएं, प्रतीकात्मक 'चिता आंदोलन के जरिए सरकार के खिलाफ अपना रोष जता रही हैं। महिलाएं छोटे बच्चों के साथ चिताओं पर लेटकर विरोध प्रदर्शन कर रही हैं और मांग कर रही हैं कि या तो उन्हें न्याय मिले या मौत।

आंदोलन का नेतृत्व आदिवासी महिलाओं और जय किसान संगठन के नेता अमित भटनागर कर रहे हैं। आंदोलनकारियों ने आरोप लगाया है कि उन्हें दिल्ली जाने से रोका गया, रास्तों में अवरोध लगाए गए और राशन-पानी की आपूर्ति भी रोक दी गई। उन्हें धमकियां दी गईं। अब प्रशासन ने गांव-जंगल में धारा 163 लगाकर उनकी आवाज दबाने की कोशिश शुरू कर दी है, जिसे आंदोलनकारियों ने दमन की पराकाष्ठा बताया है।



प्रशासन ने धारा 163 लागू कर पन्ना और छतरपुर जिलों की सीमाओं पर बाहरी लोगों की आवाजाही पूरी तरह रोक दी है। इस कदम पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए अमित भटनागर ने कहा कि एक ही परियोजना में लोगों को बांटना अन्यायपूर्ण और अतार्किक है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन अत्याचार और भ्रष्टाचार छिपाने के लिए यह आदेश जारी कर रहा है।

धारा 163 के बावजूद आंदोलनकारियों ने अनूठा तरीका अपनाया। उन्होंने केन नदी के बीच आंदोलन शुरू कर दिया। पन्ना और छतरपुर के किसान अपनी-अपनी सीमाओं में रहकर संयुक्त रूप से विरोध कर रहे हैं, जिससे आंदोलन और अधिक प्रतीकात्मक तथा मजबूत हो गया है।

आंदोलनकारियों का आरोप है कि पुलिस और वन विभाग ने सभी रास्तों पर पहरा लगा रखा है। राशन, पानी और जरूरी सामान की आपूर्ति बाधित की जा रही है। दुकानदारों को धमकाकर हटाया गया है और गांवों पर दबाव डाला जा रहा है कि वे आंदोलनकारियों की मदद न करें। महिलाओं और पुलिस के बीच झड़प भी हुई, जिसमें पुलिस को पीछे हटना पड़ा।

अमित भटनागर ने आरोप लगाया कि गांव-गांव में प्रशासन, पुलिस और सत्ता से जुड़े लोगों का गठजोड़ है, जो भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहा है और ग्रामीणों का शोषण कर रहा है।

प्रदर्शनकारी साफ कह रहे हैं कि जब तक न्याय नहीं मिलेगा, वे पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने इसे आर-पार की लड़ाई बताया और कहा कि जान रहने तक संघर्ष जारी रहेगा।

### नदी में डूबने से 40 वर्षीय की मौत

**छतरपुर।** जिले के ईसानगर थाना क्षेत्र के कुर्रा गांव में गुरुवार को नहाने गए 40 वर्षीय व्यक्ति की नदी में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान चिरंजी लाल (40) निवासी कुर्रा गांव के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार चिरंजी लाल धसान नदी में नहाने गए थे। इसी दौरान वे गहरे पानी में चले गए और डूब गए। काफी देर तक बाहर न आने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। बाद में उन्हें पानी से बाहर निकालकर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के भतीजे राहुल रजक ने बताया कि चिरंजी लाल नहाने के लिए नदी गए थे और अचानक गहरे पानी में फंस गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मौत डूबने से हुई है, हालांकि करंट लगने की भी आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा होगा।

## खबर संक्षेप

### संकल्प से समाधान अभियान का जिला स्तरीय शिविर आज

रीवा । संकल्प से समाधान अभियान के तहत जिला स्तरीय शिविर 10 अप्रैल को सुबह 11 बजे से नगर निगम रीवा के टाउनहाल में आयोजित किया गया है। शिविर का आयोजन शासन के सभी विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों, तहसील और जिला स्तर पर पात्र हितग्राहियों को समय सीमा में देने के लिए किया जा रहा है। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने सभी विभाग प्रमुखों को शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### खंधो धाम को मिलेगी विभिन्न विकास कार्यों की सौगात अभय महाजन होंगे मुख्य आतिथि

**10 अप्रैल को होगा लोकार्पण, विधायक नागेंद्र सिंह करेंगे अध्यक्षता कमिश्नर रीवा कार्यक्रम मे करेंगे भागीदारी**

रीवा। दीनदयाल शोध संस्थान के माननीय संगठन सचिव एवं वरिष्ठ प्रचारक श्री अभय महाजन के मुख्य आतिथ्य में आगामी 10 अप्रैल को माँ खंधो देवी धाम गोविंदगढ़ में भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया जाएगा। इस विशेष अवसर पर धाम के कुंड को सालभर जल से लबालब रखने के लिए गोविंदगढ़ तालाब से बिछाई गई पाइपलाइन का शुभारंभ होगा।कार्यक्रम की आयोजक एवं जिला पंचायत वन समिति की सभापति श्रीमती निर्मला संजीव द्विवेदी ने बताया कि यह गरिमामय आयोजन गुरुवार सुबह 8:00 बजे संपन्न होगा। समारोह की अध्यक्षता गुढ़ विधायक श्री नागेंद्र सिंह करेंगे।इन सुविधाओं का होगा लोकार्पणमुख्य अतिथि श्री अभय महाजन एवं अन्य अतिथियों द्वारा धाम परिसर में नवनिर्मित सत्संग सदन, भव्य कथा मंच और नवग्रह वाटिका में स्थापित फव्वारे का लोकार्पण किया जाएगा। इन विकास कार्यों से धाम आने वाले श्रद्धालुओं को आधुनिक सुविधाएं प्राप्त होंगी।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में रीवा कमिश्नर श्री बी.एस. जामोद (**IAS**), आईजी श्री गौरव राजपूत (**IPS**) मुख्य वन संरक्षक रीवा श्री राजेश राय,जनपद अध्यक्ष श्रीमती संगीता राजेश यादव की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। आयोजक निर्मला संजीव द्विवेदी ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने की अपील की है।

### रीवा में छात्रा को अश्लील मैसेज भेजने वाला प्रोफेसर बर्खास्त

रीवा । स्थित पीएम श्री मॉडल साइंस कॉलेज में भूगोल के प्रोफेसर को छात्रा को अश्लील मैसेज भेजने के आरोप में बर्खास्त कर दिया गया है। अमित साहू नाम के प्रोफेसर द्वारा छात्रा के साथ मर्यादित आचरण न करने का गंभीर मामला सामने आया है। आरोपी प्रोफेसर ने छात्रा को आपत्तिजनक व्हाट्सऐप संदेश भेजकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। अमित साहू जो सागर के रहने वाले हैं और कॉलेज में जनभागीदारी समिति के तहत भूगोल पढ़ाते थे। उनके ऊपर एक बीए प्रथम वर्ष की छात्रा ने आरोप लगाया कि शिक्षक पिछले एक महीने से उसे व्हाट्सएप पर आपत्तिजनक मैसेज भेज रहे थे। मैसेज में शिक्षक ने लिखा था, ्तुम मुझे अच्छी लगती हो, मेरे रूम पर आ जाओ । जब छात्रा ने उनकी बात नहीं मानी, तो आरोपी ने उसे परीक्षा में फेल करने की धमकी भी दी। छात्रा ने इस व्यवहार का विरोध करते हुए कॉलेज की जांच कमेटी के समक्ष लिखित शिकायत दर्ज कराई। संदेशों के सार्वजनिक होने और आंतरिक जांच में दोषी पाए जाने के बाद, कॉलेज प्रबंधन ने कड़ा रुख अपनाते हुए आरोपी प्रोफेसर को तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया है।छात्र संगठनों और पीड़ित पक्ष की ओर से आरोपी शिक्षक के खिलाफ **FIR** दर्ज करने और उसे पुलिस के हवाले करने की लगातार मांग की जा रही है।

### अल्ट्राटेक बेला सीमेंट जेपी पुरम रीवा में श्रमिकों का आंदोलन जारी, 38वें दिन क्रमिक अनशन जारी

रीवा । अल्ट्राटेक बेला सीमेंट, जेपी पुरम रीवा के कारखाने में विगत 2 मार्च 2026 से कारखाना प्रबंधक एवं ठेकेदार द्वारा बिना कारण एवं बिना नोटिस के कार्य से निकाले गए श्रमिकों को पुनः कार्य पर रखने की मांग को लेकर कंपनी गेट के सामने श्रमिक लगातार 38वें दिन धरने पर बैठे हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 9 अप्रैल को दोपहर 12:00 बजे से क्रमिक अनशन प्रारंभ किया गया। क्रमिक अनशन के प्रथम दिवस यूनियन के अध्यक्ष कामरेड अरुण तिवारी द्वारा लाल बहादुर पांडे एवं राजेश मिश्रा को तिलक लगाकर 24 घंटे के लिए अनशन पर बैठाया गया। अनशन स्थल पर आयोजित मजदूर सभा को संबोधित करते हुए यूनियन के महामंत्री रामसरोज कुशवाहा ने कहा कि प्रबंधन एवं ठेकेदार की हठधर्मिता के कारण समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है।

# केंद्रीय जेल में पदस्थ प्रधान आरक्षक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

## गौशाला में टीन शेड के पाइप से लटका मिला शव, जेब से मिला सुसाइड नोट, परिजनों ने वरिष्ठ अधिकारियों पर लगाया प्रताड़ना का आरोप





**रीवा**। रीवा केंद्रीय जेल में गुरुवार दोपहर उस वक्त हड़कंप मच गया, जब यहां पदस्थ प्रधान आरक्षक रामानंद पटेल का शव जेल परिसर स्थित गौशाला में फांसी के फंदे पर लटकता मिला। घटना की जानकारी मिलते ही जेल प्रशासन में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आनन-फानन में वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गई। बिछिया थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।मृतक की जेब से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। हालांकि उसमें क्या लिखा है, इसका खुलासा अभी नहीं किया गया है। ऐसे में आत्महत्या के पीछे की वजह रहस्य बनी हुई है। घटना गुरुवार दोपहर करीब 1 बजे के आसपास की बताई गई है। जेल परिसर स्थित गौशाला में कर्मचारियों ने जब टीन शेड के पाइप से एक शव लटकता देखा तो उनके होश उड़ गए। पास जाकर देखने पर पता चला कि वह शव प्रधान आरक्षक रामानंद पटेल का है। घटना की सूचना तत्काल जेल प्रशासन को दी गई, जिसके बाद वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। कुछ ही देर में बिछिया थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई और पूरे मामले की तफ्तीश शुरू कर दी। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए और पंचनामा कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए संजय गांधी अस्पताल भिजवाया गया। मौके से मिले सुसाइड नोट को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर जांच में शामिल किया है। फिलहाल पुलिस यह जानने की कोशिश कर रही है कि आखिर किन परिस्थितियों में प्रधान आरक्षक को इतना बड़ा कदम उठाना पड़ा। मामले को लेकर सीएसपी राजीव पाठक ने बताया कि प्रधान आरक्षक द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। बिछिया थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और जांच की जा रही है।उन्होंने कहा कि मौके से सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसकी बारीकी से जांच की जाएगी। यह भी देखा जा रहा है कि कहीं किसी प्रकार की प्रताड़ना या अन्य कारण तो आत्महत्या की वजह नहीं बने।20 साल से दे रहे थे सेवाएं, हाल में थे अवकाश परमृतक के बेटे वरुण पटेल ने बताया कि उनके पिता मूल रूप से पन्ना जिले के देवेंद्र नगर क्षेत्र के वेंदिया गांव के निवासी थे और वर्तमान में रीवा की जेल कॉलोनी में रह रहे थे। वे करीब 20 वर्षों से केंद्रीय जेल में अपनी सेवाएं दे रहे थे। पिछले कुछ दिनों से वे मानसिक रूप से परेशान नजर आ रहे थे। हाल ही में वे 10 दिनों की छुट्टी पर भी गए थे, लेकिन उन्होंने अपनी परेशानी परिवार के किसी सदस्य से साझा नहीं की।परिजनों का आरोप सुसाइड नोट नहीं दिखाया गयाघटना के बाद परिजनों में आक्रोश देखा गया। बेटे वरुण पटेल ने आरोप लगाया कि मृतक के पास से सुसाइड नोट मिला है, लेकिन पुलिस द्वारा अब तक उन्हें नहीं दिखाया गया है। परिजनों ने मांग की है कि सुसाइड नोट की जानकारी साझा की जाए और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। उनका कहना है कि मृतक जेल के कुछ कार्यों को लेकर तनाव में थे।अस्पताल में नहीं पहुंचे जेल अधिकारी, परिजनों में नाराजगीपरिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि घटना के बाद कुछ समय तक जेल अधिकारी मौके पर मौजूद रहे, लेकिन अस्पताल में कोई भी अधिकारी नहीं पहुंचा। इससे परिवार में नाराजगी और बढ़ गई है। परिजनों का कहना है कि पूरे घटनाक्रम की गंभीरता से जांच होनी चाहिए और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जानी चाहिए। पुत्र वरुण पटेल ने आरोप लगाया कि कुछ दिनों से मेरे पिता काफी परेशान थे, वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लगातार मेरे पिता पर दबाव बनाया जा रहा था शायद इस कारण से उन्होंने आत्महत्या कर ली। सवालों के घेरे में मौत, सुसाइड नोट से खुलेगा राजइस घटना के बाद कई सवाल खड़े हो गए हैं। क्या यह आत्महत्या निजी कारणों से की गई या इसके पीछे नौकरी से जुड़ा कोई दबाव था? सुसाइड नोट में क्या लिखा है, यह जांच का सबसे अहम बिंदु बन गया है।फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट और सुसाइड नोट के आधार पर मामले की गहराई से जांच कर रही है।



## उप मुख्यमंत्री ने नहर परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा निर्माण बाधाओं को दूर कर किसानों के खेतों तक पानी पहुँचाने के दिए निर्देश

**रीवा**। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सर्किट हाउस रीवा में विभिन्न नहर परियोजनाओं के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि नहर परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही सभी तकनीकी एवं प्रशासनिक बाधाओं को तत्काल दूर किया जाए, जिससे किसानों के खेतों तक सिंचाई के लिए अविलंब पानी पहुँचाया जा सके। सिंचाई परियोजनाओं का उद्देश्य अंतिम छोर तक के किसानों को लाभान्वित करना है। निर्माण कार्य में अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारी समन्वय के साथ काम करें और सुनिश्चित करें कि परियोजनाएं निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरी हों। भू-अर्जन, वन विभाग की अनुमति या अन्य स्थानीय स्तर की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाएं। कार्यों की गुणवत्ता और गति की नियमित निगरानी करें। आगामी सीजन को देखते हुए जल वितरण तंत्र को सुदृढ़ बनाएं। बैठक में बहुती नहर परियोजना, त्योंथर बहाव परियोजना, नईगढ़ी माइक्रो सिंचाई परियोजना सहित अन्य नहर परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, जल संसाधन विभाग के अधिकारी एवं संबंधित परियोजनाओं के कार्यपालन यंत्री उपस्थित रहे।

## रोजगार मेला जेएनसीटी कॉलेज रीवा में 15 अप्रैल को

**रीवा** । युवा संगम कार्यक्रम के तहत जेएनसीटी कॉलेज रतहरा रीवा में 15 अप्रैल को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। रोजगार मेले में 20 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है। वेतन एवं भत्ते सात हजार रुपए से 35 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा। युवाओ को अपने साथ समग्र आईडी, मूल अंकसूची, निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में ब्रोक्स इंडिया प्रा.लि. झागड़ियि, ओत्सुका फार्मास्युटिकल इंडिया प्रा.लि. अहमदाबाद गुजरात, जेके टायर्स मुरैना, बंसल वायर इन्डस्ट्रीज लि. ग्रेटर नोयडा, आमधनी प्रा.लि. एमआरएफ टायर्स दहेज गुजरात, आमधनी प्रा. लि. आपोलो टायर्स लि. बड़ोदा गुजरात तथा आमधनी प्रा. लि. सोलर प्लांट अहमदाबाद बाबला गुजरात की कंपनियाँ शामिल हो रही हैं। रोजगार मेले में आमधनी बजाज आटो लिमि. पुणे महाराष्ट्र, सिन्टेक्स इंस्ट्रीज लि. जाफराबाद गुजरात, प्रभा बायोप्लांट्स प्रा.लि. रीवा, कास्टएनएक्स प्रा. लि. इंदौर, आयसर ट्रक एण्ड बस पीथमपुर धार, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा. लि. रीवा, एसबीआई लाइफ एश्योरेंस रीवा, प्रगतिशील बायोटेक प्रा. लि. रीवा, सीआईआई एमसीसी इंदौर, एचडीएफसी लाईफ इश्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड रीवा, बाला जी वेफर्स प्रा. लि. पीथमपुर, बेलमेक्स मेटल इंडिया प्रा. लि. पीथमपुर तथा हाईटेक गेयर्स प्रा. लि. भिवाड़ी राजस्थान की कंपनियां भी शामिल होंगी।

# ट्रक चालकों को नहीं समझ आ रहा डायवर्सन मार्ग, नो एंट्री खुलते ही शहर में करते हैं एंट्री, शहर का मॉडल रोड जाम से बेहाल

## रात भर जूझ रहे वाहन चालक, रात में बेहाल रहे लोग, सोती रही यातायात पुलिस, सीवर कंपनी ने बढ़ाई समस्या




**रीवा**। रीवा बायपास स्थित बीहर नदी का पुल क्षतिग्रस्त होने से बाईपास चोरहटा से रतहरा का संपर्क पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। जिसके बाद हाईवे का ट्रैफिक डायवर्ट किए जाने से यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। अनजान ट्रक चालक रीवा तक पहुंच रहे हैं और वह शहर के प्रमुख मार्ग से बाहर निकल रहे है यही नहीं उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बाई पास बंद होने के बाद छोटे चारपहिया वाहनों को रीवा शहर के भीतर से गुजरने की अनुमति दी गई है। इसके चलते रतहरा से तीरहा मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव काफी बढ़ गया है। तीन दिनों से सामान्य दिनों की तुलना में करीब 20 फीसदी अधिक वाहनों का दबाव दर्ज किया गया। बता दे बाईपास बंद होने के साथ ही शहर में इन दिनों सीवर लाइन की पाईप डालने का काम किया जा रहा है वही सीवर कंपनी ने मॉडल सड़क को खोद दिया जिसकी वजह से रात भर शहर में जाम की स्थिति बनी रही। बता दें कि पुलिस भी यातायात सुधार करने में नजर नहीं आ रही जिसकी वजह से जाम की स्थिति निर्मित होती रही। गौरतलब है कि हाइवे से आने वाले कई ट्रक चालक डायवर्सन की जानकारी के अभाव में रीवा तक पहुंच गए, जहां उन्हें पुलिस द्वारा रोका गया। कई वाहन चालक हाईवे किनारे खड़े रहे और वैकल्पिक मार्ग अपनाने में हिचकते नजर आए। रात 11 बजे शहर में नो एंट्री खुलने के बाद बड़ी संख्या में भारी वाहन रीवा शहर के भीतर से गुजरने लगे, जिससे ट्रैफिक का दबाव अचानक बढ़ गया। हालांकि स्थिति को देखते हुए पुलिस ने सख्ती नहीं दिखाई और वाहनों को निकलने दिया। आमतौर पर शहर में माल अनलोड करने वाले वाहनों के लिए रात 11 बजे के बाद नो एंट्री खोली जाती है, हाइवे से गुजरने वाले वाहनों के लिए प्रतिबंध रहता है।उपयुक्त नहीं है डायवर्जन मार्गप्रशासन द्वारा बनाए गए डायवर्जन मार्ग हैवी वाहनों के लिए उपयुक्त नहीं है। ट्रक चालकों को अतिरिक्त सफर करना पड़ रहा है। रीवा से कलवारी 60 किमी है लेकिन डायवर्जन मार्ग में यह करीब 70 किमी पड़ेगा। इसके अतिरिक्त गोवहा से सिरमौर के बीच रोड काफी खराब है। हैवी वाहन यदि इन रोड से गुजरेंगे तो इनकी हालत खराब हो जायेगी। वहीं रीवा से अमरपाटन करीब 46 किमी है लेकिन डायवर्जन मार्ग में यह करीब 65 किमी पड़ रहा है। प्रधानमंत्री सड़कों का निर्माण हैवी वाहनों को ध्यान में रखते हुए कराया जाता है। यदि हैवी वाहन इन रूट से गुजरेंगे तो रही सही सड़क भी चौपट हो जाएगी।पूर्णतः प्रतिबंधित आदेश का पालन नहींअपर कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में इस मार्ग पर 30 अप्रैल तक पूर्णतः आवागमन प्रतिबंधित करने का उल्लेख है। मगर वैकल्पिक दूसरा मार्ग न होने से अभी इसी पुल से होकर भारी वाहनों को निकाला जा रहा है। आदेश के मुताबिक रात को नो एंट्री बंद होने पर भारी वाहनों को शहर के बीच से भी निकाला जाएगा। ऐसे में शहरवासियों को रात के समय परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। रविवार शाम से पुलिस प्रशासन ने मौके पर व्यवस्था संभाली है। अब प्रयागराज जाने वाले वाहनों को सेमरिया रोड से गोदहा, सिरमौर होते हुए लालगांव, कलवारी मोड से होते हुए प्रयागराज में निकालेंगे। इसी तरह प्रयागराज से आने वाले वाहनों को रतहरा से सिलपरा, गोविंदगढ़ होकर बेला निकाल रहे हैं। इसके अतिरिक्त चारपहिया वाहनों को शहर से ही निकलने की अनुमति दी जा रही है। ऐसे में शहर के मार्गों पर वाहनों का दबाव बढ़ गया है। वहीं, प्रशासन की इस वैकल्पिक व्यवस्था से दूसरे प्रांतों से आने वाले वाहन चालकों को परेशानी हो रही है और रात 9 के बाद से ही भारी वाहन शहर की मॉडल सडक से अंदर प्रवेश कर है और जाम की स्थिति निर्मित होती है।



## कलेक्टर ने बेटियों से संवाद कर उनके सपनों को किया प्रोत्साहित

रीवा । कलेक्टर प्रतिभा पाल ने सीएम राइज पीके स्कूल का भ्रमण किया, जहाँ उन्होंने छात्राओं के साथ आत्मीय संवाद कर उनके शैक्षणिक भविष्य और व्यक्तिगत रुचियों की जानकारी ली। कलेक्टर ने छात्राओं से उनके पठन-पाठन और खेलकूद की गतिविधियों के संबंध में भी जानकारी ली। जब कलेक्टर ने छात्राओं से उनके भविष्य के लक्ष्यों के बारे में पूछा, तो क्लासरूम उत्साह से भर उठा। छात्राओं ने पूरी निडरता के साथ अपनी महत्वाकांक्षाएं साझा करते हुए बताया कि वे पढ़-लिखकर डॉक्टर, शिक्षक और पुलिस अधिकारी बनकर समाज की सेवा करना चाहती हैं। कलेक्टर ने छात्राओं के इन सपनों की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। संवाद के दौरान कलेक्टर ने एचपीवी वैक्सीनेशन पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने बताया कि 14 से 15 वर्ष की आयु की छात्राओं के लिए यह टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यह भविष्य में होने वाले घातक सर्वाइकल कैंसर को रोकने में एक सुरक्षा कवच की तरह काम करता है। कलेक्टर ने छात्राओं से आह्वान किया कि वे न केवल स्वयं टीका लगवाएं, बल्कि समाज में अन्य किशोरियों को भी इसके प्रति जागरूक करें। इस वैक्सीनेशन को लेकर किसी भी प्रकार के डर या अफवाहों में आने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि यह पूरी तरह वैज्ञानिक और सुरक्षित प्रक्रिया है। कलेक्टर ने स्कूल प्रशासन और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यालय की 14 और 15 वर्ष की समस्त छात्राओं का अतिशीघ्र टीकाकरण कराएं। एचपीवी वैक्सीनेशन के संबंध में प्रभावी जागरूकता अभियान चलाएं जिससे कोई भी छात्रा इस सुरक्षा चक्र से वंचित न रहे।

## निर्माणाधीन फार्म हाउस में संदिग्ध हालात में मिला युवक का शव



**रीवा**। जिले के गढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम काकर में गुरुवार को एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। निर्माणाधीन फार्म हाउस परिसर में बनी झोपड़ी के अंदर तखत पर युवक का शव पड़ा मिला। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान भारत साकेत (35) निवासी ग्राम काकर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि भारत साकेत गांव के ही राजू सिंह परिहार के निर्माणाधीन फार्म हाउस की देखरेख करता था और वहीं बनी झोपड़ी में रह रहा था। घटना के संबंध में मृतक के चाचा राम लल्लू साकेत ने बताया कि गुरुवार दोपहर उन्हें सूचना मिली कि भारत साकेत का शव फार्म हाउस के अंदर झोपड़ी में तखत पर पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे, जहां भारत को मृत अवस्था में देखकर उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना पर गढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है, लेकिन युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका स्पष्ट कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आ सकेगा। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## जिला पंचायत सीईओ ने किया थनवरिया पंचायत का आकस्मिक निरीक्षण, जल संरक्षण और विकास कार्यों के दिए निर्देश

**रीवा** । जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने जनपद पंचायत सिरमौर के अंतर्गत जल स्वावलंबी ग्राम पंचायत थनवरिया का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिरमौर, सहायक यंत्री, मनरेगा एवं पी.एच.ई. के उपयंत्री, एन.जी.ओ. सदस्य सहित ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव और ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहे। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत ने ग्राम पंचायत भवन में स्थानीय नागरिकों के साथ संयुक्त बैठक आयोजित की, जिसमें उन्होंने पंचायत की जनसंख्या, कुल परिवारों की संख्या, वर्तमान वाटर लेवल और उपलब्ध जल स्त्रोतों की विस्तृत समीक्षा की।बैठक में ग्राम पंचायत को जल स्वावलंबन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष जोर दिया गया। गुर्जर ने सभी शासकीय भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने, नालों में जल संचय के लिए स्टॉप डैम का निर्माण करने और छोटे तालाबों के निर्माण के संबंध में जनपद सीईओ एवं तकनीकी अमले को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने ग्रामीणों को जल संरक्षण का महत्व समझाते हुए 'गांव का पानी गांव में' रोकने की अपील की। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने शासकीय तालाब का जायजा लिया और उपयंत्री व सहायक यंत्री को इसके तकनीकी रूप से जीर्णोद्धार हेतु निर्देशित किया। इसके साथ ही आगामी वर्षाकालीन वृक्षारोपण की पूर्व तैयारी अभी से शुरू करने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों में गति लाते हुए सभी लंबित आवासों को समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराने के निर्देश सचिव, रोजगार सहायक और जनपद सीईओ को दिए गए। नालों के निरीक्षण के दौरान भी स्टॉप डैम निर्माण हेतु स्थल चयन एवं तकनीकी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जिला पंचायत सीईओ ने जनपद पंचायत रीवा की जल स्वावलंबी ग्राम पंचायत सहिजना नंबर दो के ग्राम गड्डी का भ्रमण किया।

## शिक्षकों ने TET कानून के विरोध में किया प्रदर्शन, कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपा ज्ञापन



**मऊगंज** मध्य प्रदेश में शिक्षक पात्रता परीक्षा (**TET**) को लेकर शिक्षकों में आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में आज बड़ी संख्या में शिक्षक कलेक्ट्रेट पहुंचे और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अपनी नाराजगी जाहिर की।शिक्षकों का कहना है कि वे बच्चों का भविष्य संवारने का कार्य करते हैं, लेकिन सरकार द्वारा उन्हें लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। शिक्षकों ने आरोप लगाया कि पढ़ाने के अलावा उन्हें **BLO**, **SIR** और चुनाव जैसे अन्य कार्यों में भी लगाया जाता है, जिससे उनकी मूल जिम्मेदारी प्रभावित होती है।प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों ने **TET** कानून का विरोध करते हुए कहा कि वे पहले ही एक बार परीक्षा देकर नियुक्त हो चुके हैं, फिर दोबारा परीक्षा देना अन्यायपूर्ण है। उन्होंने सवाल उठाया कि अन्य विभागों में इस तरह की प्रक्रिया क्यों लागू नहीं की जाती।इसके अलावा शिक्षकों ने पुरानी पेंशन योजना (**OPS**) बहाल करने की मांग भी उठाई। उनका कहना है कि उनकी पेंशन बंद कर दी गई है, जबकि जनप्रतिनिधियों को पेंशन का लाभ मिल रहा है। शिक्षकों ने नई पेंशन योजना (**NPS**) को अस्वीकार करते हुए **OPS** लागू करने की मांग की।शिक्षकों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे और आवश्यकता पड़ने पर हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाएंगे। उन्होंने सरकार से **TET** कानून को वापस लेने की मांग की है।

## औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मऊगंज में हुआ वित्तीय साक्षरता का आयोजन



**मऊगंज**। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मे प्रशिक्षण अधिकारी एसपी मिश्रा द्वारा वित्तीय साक्षरता का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि एलडीएम मऊगंज ज्योत्सना अग्रवाल उपस्थिति रही वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य अविनीश सिंह ने किया वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) मऊगंज की डायरेक्टर मीना संखवार तथा असिस्टेंट काउंसलर वित्तीय साक्षरता (आरोह फाऊंडेशन) संतोष कुमार मिश्र उपस्थित रहे वही कार्यक्रम का सफल संचालन प्रशिक्षण अधिकारी एसपी मिश्रा ने किया सर्वप्रथम कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मिश्र ने प्रशिक्षणार्थियों को बैंक में खाता खोलने के महत्व के बारे में जानकारी दी गई तत्पश्चात केवाईसी नॉमिनी मोबाइल नंबर के साथ-साथ जन सुरक्षा अभियान के तहत प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा अटल पेंशन योजना एजुकेशन लोन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा उन्होंने कहा कि आप लोग यहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं यदि सरलता से नौकरी मिल जाती है तो ठीक है नहीं बैंक आपके साथ में है लोन लेकर स्वयं का उद्योग धंधा शुरू करें और आप उससे कमाई भी करेंगे और लोगों को रोजगार भी देंगे आरसेटी डायरेक्टर श्रीमती शंखवार ने कहा कि हमारी संस्था 70 प्रकार की कैटेगरी है और पूरी तरह से निशुल्क है जैसे सिलाई कढ़ाई ब्यूटी पार्लर इत्यादि का प्रशिक्षण दिया जाता है यह कोर्स एक महीने का होता है यहां रात को रुकने की व्यवस्था भी नहीं है परंतु चाय नाश्ता ड्रेस भजन पूरी तरह से फ्री है जिन परिवारों का गरीबी रेखा में नाम है और उनकी उम्र 18 वर्ष से ऊपर और 45 वर्ष के नीचे है वह यहां आकर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं कुछ ऐसे भी प्रशिक्षण है कि यदि आपके गांव में 30 लोगों का बैच तैयार हो जाता है तो वहां भी जाकर प्रशिक्षण दिया जा सकता है प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात प्रमाण पत्र मिलेगा और इस प्रमाण पत्र के आधार पर आप जिस बैंक में खाता है वहां से लोन लेकर अपना स्वयं का उद्योग धंधा शुरू कर सकते हैं बैंक आपके साथ में है इसलिए अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनना चाहिए कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एलडीएम मऊगंज ने कहा कि आप लोगों को बहुत सारी योजनाओं की जानकारी दी गई है आप लोग बड़े ढंग से सुन रहे थे हमारा मानना है कि आप लोग समझ भी गए होंगे परंतु आप लोगों से हम रूबरू होना चाहते हैं की बताएं आपकी क्या आवश्यकता है आपका गोल क्या है क्योंकि जब तक अपना संकल्प मजबूत नहीं करेंगे तब तक आगे बढ़ाने में कठिनाइयां आती है परंतु यदि संकल्प मजबूत हो तो कोई कार्य असंभव नहीं है खाते में आधार और पैन लिंक किया जाता है इसको आप लोगों को जानने की आवश्यकता है कि आखिर में ऐसा क्यों किया जाता है क्योंकि आप यदि महत्वपूर्ण बातों को समझ लेंगे तो अपने घर परिवार में भी बताएंगे और लोग अधिक से अधिक लाभ लेंगे यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात आप लोग लोन लेने के लिए अपने मोबाइल से ही आवेदन कर सकते हैं वह संबंधी बैंक में पहुंच जाएगा और आपके बड़े सरलता के साथ लोन मिल जाएगा परंतु आपका सिबिल स्कोर अच्छा होना चाहिए वर्तमान में साइबर फ्रॉड की बहुत घटनाएं हो रही है इसलिए आप लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है किसी अनजान लिंक को शेयर नहीं करना है और ना ही किसी को ओटीपी बताना है सतर्क रहें सुरक्षित रहें कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रशिक्षण अधिकारी एसपी मिश्रा विवेक सोनी शशिकांत गौतम पंकज पाटिल आदित्य पांडे जयशंकर प्रसाद चौकीदार चिंतामणि पाल सहित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।